# अनुराग सक्सेना छिन्दवाड़ा कलेक्टर बने, शीलेन्द्र सिंह जबलपुर कमिश्नर होंगे, अभय वर्मा रिटायर होंगे



अनुराग सक्सेना 2016 आई.ए.एस.



शीलेन्द्र सिंह 2010 आई.ए.एस.



अभय वर्मा 2007 आई.ए.एस.

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** होली के रंग और तरंग में अपनी जिम्मेदारी से पढें और समझें यह होली समाचार। मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा 13-14 मार्च की दरम्यानी रात्रि अचानक तीन आई.ए.एस. अधिकारियों के आदेश क्रमांक ई/5/2025/1/होली समाचार दिनांक 14 मार्च 2025 के परिपालन में आदेश जारी करते हुए 2016 बैच के आई.ए.एस. अधिकारी अनुराग सक्सेना को छिन्दवाड़ा जिले का कलेक्टर बनाया गया है जबकि छिन्दवाड़ा के कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह आई.ए.एस. 2010 बैच के अधिकारी को जबलपुर कमिश्नर बनाया जा रहा है। 2007 बैच के आई.ए.एस. अधिकारी अभय वर्मा जो वर्तमान जबलपुर कमिश्नर के पद पर पदस्थ है वे 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त होने जा रहे है।

बता दें कि अभय वर्मा पूर्व में छिन्दवाड़ा परासिया के एस.डी.एम. थे, शीलेन्द्र सिंह जुन्नारदेव के एस.डी.एम. थे और अनुराग सक्सेना छिन्दवाड़ा के एस.डी.एम. के पद पर रह चुके है। इसके पश्चात भारी अतिक्रमण अभियान के दौरान ई.एल.सी. से रेल्वे स्टेशन तक अभय वर्मा ने अतिक्रमण हटाया था और उनका तबादला हो गया था। उनके पश्चात तत्कालीन कलेक्टर मनोज पुष्प पदस्थ हुए थे। शीलेन्द्र सिंह जुन्नारदेव में एस.डी.एम. रहे और कुछ समय तक डिप्टी कलेक्टर छिन्दवाड़ा के पद पर भी पदस्थ रहे। अनुराग सक्सेना संयुक्त कलेक्टर के रूप में छिन्दवाड़ा में पदस्थ रहते हुए एस.डी.एम. छिन्दवाड़ा, नजूल अधिकारी छिन्दवाड़ा के पद पर पदस्थ रहे इसके पश्चात कमलनाथ सरकार में आप सी.ई.ओ. जिला पंचायत छिन्दवाड़ा रहे इसके पश्चात आप भोपाल में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के ओ.एस.डी. के रूप में काम कर चुके है।

अब मध्यप्रदेश शासन ने हो.स. के दौरान अनुराग सक्सेना को जो जिले से चित परिचित है उन्हें छिन्दवाड़ा का कलेक्टर बनाया जा रहा है और शीलेन्द्र सिंह को कमिश्नर जबलपुर और अभय वर्मा 30 अप्रैल को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर वे रिटायर होने जा रहे है। यह समाचार पूर्णतः हो.स. है। इसे पढ़िए, आनंद लीजिए और छिन्दवाड़ा जिले के अधिकारी जो टी.एल. और जनसुनवाई में पहुंचते है वे खुशियां ।मनाकर जरूर होली मनाऐं, रंगो भरी

## चना, मंसूर, एवं सरसों का पंजीयन 17 एवं गेहूं के लिए 31 मार्च की तिथि निर्धारित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार रबी वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों फसल के उपार्जन के लिये पंजीयन की अंतिम तिथि 10 मार्च 2025 तक थी, जिसे बढाकर अंतिम तिथि 17 मार्च 2025 कर दी गई हैं। उपार्जन कार्य 25 मार्च से 31 मई 2025 तक किया जाना है। शासन द्वारा निर्धारित उपार्जन नीति के अनुसार चना 5650 रूपये प्रति क्विंटलए मसूर 6700 रूपये प्रति क्विंटल एवं सरसों 5950 रूपये प्रति क्विटल की दर से समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जायेगा।

उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि जिले में चना, मसूर एवं सरसों उपार्जन के लिये किसानों का पंजीयन 17 मार्च 2025 तक गेहूं के लिये निर्धारित सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं पर किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कृषक एमपी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेन्टर, लोकसेवा केन्द्र, सायबर कैफे एवं स्वयं के मोबाईल अथवा कम्प्यूटर से निर्धारित लिंक पर जाकर पंजीयन कर सकते हैं।

गेहूं उपार्जन के लिये पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 है। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह एवं उप संचालक कृषि श्री सिंह द्वारा किसानों से अपील की गई है कि किसान नियत समय अवधि में अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपज का पंजीयन कराकर योजना का लाभ प्राप्त करें।



### सार समाचार

## सोमवार 17 मार्च को रवाना होगी अयोध्या के लिए विशेष ट्रेन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत 17 मार्च 2025 दिन सोमवार को प्रातः 7.00 बजे विशेष ट्रेन छिंदवाड़ा रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम के लिए रवाना होगी। इस योजना के अंतर्गत चयनित यात्री यात्रा के पूर्व अपने साथ यात्रा टिकट एवं फोटो युक्त पहचान पत्र की मूल प्रति जैसे आधार कार्ड, वोटर आईडी, पैन कार्ड आदि शासन द्वारा जारी में से कोई एक आवश्यक रूप से लेंगे नियत तिथि व समय पर तीर्थ यात्रियों को लेकर विशेष ट्रेन समय पर रवाना होगी।

## आदिवासी बालक छात्रावास हीरावाड़ी में बच्चों ने खेली होली



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के मोहखेड़ जनपद पंचायत के अंतर्गत आदिवासी बालक छात्रावास हीरावडी मे् बच्चे होली की छुट्टियां में घर जाने के पूर्व अपने दोस्तों के साथ बालक छात्रावास हीरावाडी में छात्रो ने एक दूसरे को आपस में गले मिलकर रंग गुलाल लगाया एवं होली की बधाई शुभकामनाएं दी छोटे बच्चों ने पारंपरिक आदिवासी नृत्य कर होली उत्सव कार्यक्रम का आनंद लिया। इस अवसर पर बालक छात्रावास के अधीक्षक महेश कुमार धुर्वे एवं अभिभावक गण उपस्थित थे ।

## राजनीतिक दलों के साथ बैठक का आयोजन 17 मार्च को

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के परिपालन में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सुझाव, कठिनाई या अनिराकृत विषय के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों व उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन 17 मार्च 2025 को शाम 5:30 बजे से किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी के.सी. बोपचे ने जिले के अध्यक्षध्सचिव व सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल व उनके प्रतिनिधियों से इस बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## प्राथमिक शाला ओझलढाना में पदस्थ एक प्राथमिक शिक्षिका निलंबित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सतेन्द्र सिंह मरकाम द्वारा प्राथमिक शाला ओझलढाना की प्राथमिक शिक्षिका सरिता मोहने को पदीय दयित्वों के निर्वहन में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री मरकाम ने बताया कि विकासखंड हर्रई की प्राथमिक शाला ओझलढाना की प्राथमिक शिक्षिका सरिता मोहने के विरूध्द ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत की जांच विकासखंड शिक्षा अधिकारी हर्रई द्वारा की गई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी हर्रई द्वारा 20 फरवरी 2025 को प्रतिवेदन प्रस्तुत कर लेख किया कि संस्था में केवल 01-02 छात्रों को ही हिन्दी एवं अंग्रेजी की पुस्तकें पढना आती है, छात्रों का शैक्षणिक स्तर कमजोर है तथा पढ़ाई में कोई रूची नहीं ली जाती है, जनप्रतिनिधियों के साथ प्राथमिक शिक्षिका श्रीमती मोहने का व्यवहार अच्छा नहीं है तथा उन्हें धमकी दी जाती है। प्राथमिक शिक्षिका श्रीमती मोहने का यह कृत्य पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही एवं उदासीनता को प्रदर्शित करने के साथ ही मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम (एक) (दो) (तीन) के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है। इसीलिये प्राथमिक शिक्षिका श्रीमती मोहने को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के उपनियम (2) में दिये गये प्रावधानों के अंतर्गत निलंबित किया गया है।

## 24 घंटे में दो चोर गिरफ्तार, सोना चांदी के आभूषण सहित नकदी बरामद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के थाना नवेगांव अंतर्गत गत 12 मार्च 2025 को प्रार्थिया रामबती इवनाती पति सोहबत इवनाती उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम टेकापार वनग्राम की थी ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 23 फरवरी 2025 को घर से परिवार सहित सुबह गांव में काम से गये थे जो शाम को घर वापस आने पर घर की पेटी में रखी सोने का मंगलसूत्र जिसमें एक पेंडल दो पत्ती वाली वजन करीब 05 ग्राम, एक जोड़ सोने की टाप्स वजन करीब 02 ग्राम, एक जोड़ चांदी की पायल वजन करीब 200 ग्राम, दो जोड़ चांदी की पैरपट्टी वजन करीब 150 ग्राम सभी जेवर पुरानी इस्तेमाली कुल कीमती 90,000/- एवं नगदी 2,300/- रुपये कुल संपत्ति 92,300/- रुपये किसी अज्ञात चोर द्वारा घर में घुसकर पेटी का ताला खोलकर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना नवेगांव में अपराध क्रमांक 39/2025 धारा 331(3), 305(ए) एन.बी.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा अजय पाण्डे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) जुन्नारदेव सोनल पाटिल के निर्देशन में थाना प्रभारी नवेगांव द्वारा गठित टीम द्वारा लगातार चोरी गई मशरुका एवं अज्ञात चोर की तलाश पता किया गया, काफी प्रयास के बाद मुखबिरो से प्राप्त जानकारी एवं संदेह होने पर आवेदिका रामबती इवनाती का सगा भाई आदिराम उइके निवासी कंटगी को दबिश देकर पकड़ा गया, जिससे पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया जिसके कब्जे से चोरी गई संपत्ति जप्त कर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया ।

इस संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी नवेगांव उप निरीक्षक महेन्द्र शाक्य, सहायक उप निरीक्षक लखनलाल सरयाम, प्रधान आरक्षक सीताराम नर्रे, शैलेन्द्र मरकाम, शिवनाथ, आरक्षक श्यामलाल करोचे, सोनू वरकड़े, रुमन सिंह, रामकिशोर, रुपेश कोर्टे, अरुण यादव एवं रक्षा समिति सदस्य कोमल यदुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## देशी शराब बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय व अति. पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह एवं अनुविभागीय (पुलिस) रवीन्द्र मिश्रा, थाना प्रभारी राजेन्द्र धुर्वे के मार्गदर्शन में अवैध गतिविधियो एवं अवैध शराब के संबंध मे निर्देशित किया गया हैं।

इसी तारतम्य मे कल 13 मार्च 25 को दौरान भ्रमण के मुखबिर के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि अमरवाड़ा-छिंदवाड़ा बायपास में श्री जी पेट्रोल पंप के पास दो व्यक्ति एक होंडा शाईन मोटर सायकल क्रं. एम.पी.-28 जेड.जे.-5962 से 02 खाकी रंग के कार्टून मे देशी मदिरा शराब बेचने के लिये रखे हुए है कि सूचना प्राप्त होने पर हमराह स्टाफएवं गवाहो के मुखबिर द्वारा बताये स्थान पहुचकर दबिश दी गई।

वहां दो व्यक्ति मो.सा. क्रं. एम.पी.-28 जेड.जे.-5962 मे 02 खाकी रंग के कार्टून रखे हुए दिखे जिन्हे हमराह स्टाफ एवं गवाह की मदद से घेराबंदी कर रेड कर पकड़ा जिन्होने अपना नाम सुरवेश पिता रमेश परतेती उम्र 30 वर्ष एवं राजेन्द्र पिता बलराज डेहरिया उम्र 30 वर्ष दोनो निवासी ग्राम झिरपानी (अमरवाड़ा) का होना बताया जिनके कब्जे मे रखे 02 खाकी रंग के प्रत्यके कार्टून को चैक करने पर एक खाकी रंग के कार्टून मे 50 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब प्रत्येक 180 मिली लीटर के कुल 09 लीटर देशी मदिरा प्लेन शराब तथा दूसरे खाकी रंग के कार्टून को चैक करने पर 50 पाव देशी मसाला शराब कुल 09 लीटर देशी मसाला शराब रखे मिली।

आरोपीगण का कृत्य अपराध आबकारी एक्ट का घटित करना पाये जाने से मुताबिक जप्ती पत्रक के दो खाकी रंग के कार्टून प्रत्येक मे 50-50 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब व देशी मसाला शराब कुल 18 लीटर शराब कीमती करीब 10,500/- रूपये तथा घटना मे प्रयुक्त होंडा शाईन एम.पी.-28 जेड.जे.-5962 जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया जाकर आरोपी गणों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रभावी कार्रवाई की गई ।

इस संपूर्ण कार्यवाही में चौकी प्रभारी सिंगोडी उप निरी पंकज राय, सउनि राजकुमार सनोडिया, दिलीप यादव, आर. 573 पीयुष, तथा सहयोगी स्टाफ का सहयोग रहा।




## मप्र कर्मचारी कांग्रेस के चुनाव की अधिसूचना जारी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस जिला शाखा छिंदवाड़ा एवं मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस जिला शाखा पांढुर्णा के द्वि- वार्षिक चुनाव कराने की अधिसूचना प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जारी कर दी गई है।

मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री हेमंत चाँद ने बताया कि छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले के मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस के चुनाव 30 मार्च 2025 को होगा। छिंदवाड़ा जिले के लिए निर्वाचन अधिकारी पी.के. लांबा होंगे तथा पांढुर्णा जिला के लिए निर्वाचन अधिकारी टी.के. ठाकरे होंगे प्रदेश उपाध्यक्ष

भूशंकर डेहरिया ने बताया निर्वाचन मतदाता सूची का प्रकाशन 14 मार्च 2025 को किया जावेगा दावे आपत्ति दिनांक 15 मार्च 2025 में प्राप्त किए जाएंगे। संशोधित मतदाता सूची का प्रकाशन दिनांक 16 मार्च 2025 को किया जावेगा निर्वाचन अधिकारी पी.के. लांबा एवं टी.के. ठाकरे ने बताया 26 एवं 27 मार्च 2025 को नामांकन भरे जाएंगे 28 मार्च 2025 को नामांकन पत्रों की जांच की जावेगी, 29 मार्च 2025 को चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची जारी की जावेगी, 30 मार्च 2025 को सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक मतदान किया जावेगा शाम 5:00 बजे निर्वाचित उम्मीदवारों की घोषणा की जावेगी



## परामर्शदात्री समिति की समीक्षा बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गत दिवस कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं समीक्षा समिति की बैठक बुधवार को संपन्न हुई। बैठक में सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार, अपर कलेक्टर के.सी. बोपचे, अग्रणी जिला प्रबंधक अजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और बैंकर्स उपस्थित थे। बैठक में वार्षिक साख योजना वर्ष 2024-25 के अंतर्गत दिसंबर 2024 तक की प्रगति की समीक्षा की गई।

इस दौरान कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने पिछली बैठक में बैंकों को शासकीय योजनाओं के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए दिए गए लक्ष्यों की पूर्ति में हुई कमी पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने विशेष रूप से भारतीय स्टेट बैंक और सेंट्रल बैंक द्वारा शासकीय योजनाओं पर ध्यान न देने पर असंतोष जताया। कलेक्टर श्री सिंह ने आर.बी.आई. प्रतिनिधि को इस पर कार्रवाई के निर्देश देते हुए बैंकों को शीघ्रता से लक्ष्यों को पूरा करने को कहा।



### सदस्यों ने कलेक्टर को दिए सुझाव

बैठक में पी.एम.ई.जी.पी., पशुपालन विभाग की के.सी.सी., पी.एम. स्वनिधि, फसल ऋण, भगवान बिरसा मुंडा एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना सहित अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने बैंकों को निर्देश दिए कि वे इन योजनाओं के लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करें और जनहित से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता दें।

## पोआमा के जंगल में छात्राओं ने वर्ड वाचिंग कर जाना वायवीय अनुकूलन

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, छिंदवाड़ा की प्राचार्य डॉ अनिता कौशल के निर्देशन व ईको क्लब प्रभारी डॉ. नीलिमा बागडे के मार्गदर्शन में ईको क्लब द्वारा पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत प्रकृति भ्रमण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्राएं भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अंतर्गत स्थापित भारतीय व अनुसंधान और शिक्षण व कौशल उन्नयन संस्थान पोआमा में 30 छात्राओं का दल एवं शिक्षकों के साथ पहुंचकर प्रथम सत्र में वहां के वैज्ञानिक डॉ. विशाखा कुम्भारे, डॉ. नागेश खोब्रागडे व डॉ. मेश्राम मेडम द्वारा संस्थान में चल रहे विभिन्न अनुसंधान कार्यों की छात्राओं को जानकारी प्रदान की गई।

साथ ही केन्द्र के संग्रहालय में उपयोगी व महत्वपूर्ण वनोत्पाद का निरीक्षण कर जानकारी हासिल करने के साथ वहां की प्रयोगशाला में विभिन्न पौधों से बने दैनिक जीवन के उपयोगी उत्पाद की जानकारी शोधार्थियों द्वारा प्रदान की गई जिसमें मुनगा, चरोटा, महुआ, और अमलतास, आदि से बने विभिन्न उपयोगी उत्पाद जैसे कीम, स्प्रे, साबुन, अगरबत्ती मास्किटो रिप्लॅट, चूर्ण, महुआ टाफी आदि अनेकों उत्पादों के निर्माण का विवरण प्रदान किया। द्वितीय सत्र में छात्राओं ने विशेषज्ञों के साथ वर्ड वाचिंग कर उनके वायवीय अनुकूलन की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इसी के साथ नर्सरी में उपलब्ध औषधीय पौधों के गुण धर्म और बीमारियों में उनकी उपयोगिता को समझा। पाली हाउस व ग्रीन हाउस के महत्व को जाना।